प्रेषक,

मुख्य शिक्षा अधिकारी,
ऊधमसिंहनगर।

सेवा में,

समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी,
ऊधमसिंहनगर ।

पत्रांक / नियोजन / 12710-13 / अटल उत्कृष्ट विद्या0–05(11) / 2020–21 दिनांक 21 जनवरी, 2021

विषय : **अटल उत्कृष्ट विद्यालयों को सी.बी.एस.ई. से मान्यता के सम्बन्ध में अग्रेत्तर कार्यवाही करने विषयक ।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, उत्तराखण्ड, देहरादून के पत्र संख्या / नियोजन / 24064–65 / अटल उत्कृष्ट / 2020–21 दिनांक 19 जनवरी, 2021 के अनुपालन में शासनादेश संख्या / 1310/XXIV-B-1/2021-02(01)/2020 दिनांक 08 जनवरी, 2021 द्वारा निम्नांकित राजकीय इण्टर कालेजों को अटल उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में चयनित किया गया है ।

| क्र0सं0 | अटल उत्कृष्ट विद्यालय के रूप चयनित विद्यालय का नाम | विकास खण्ड का नाम |
|---|---|---|
| 01 | थारू राजकीय इण्टर कालेज, खटीमा | खटीमा |
| 02 | राजकीय इण्टर कालेज, बण्डिया | खटीमा |
| 03 | आ.ना.झा राजकीय इण्टर कालेज, रूद्रपुर | रूद्रपुर |
| 04 | राजकीय बालिका इण्टर कालेज, किच्छा | रूद्रपुर |
| 05 | राजकीय इण्टर कालेज, केलाखेड़ा | बाजपुर |
| 06 | राजकीय इण्टर कालेज, हरिपुरा हरसान | बाजपुर |
| 07 | राजकीय इण्टर कालेज, हमीरावाला | जसपुर |
| 08 | राजकीय बालिका इण्टर कालेज, | जसपुर |
| 09 | राजकीय इण्टर कालेज, महुआखेड़ागंज | काशीपुर |
| 10 | राजकीय इण्टर कालेज, जोशीमझरा | काशीपुर |
| 11 | राजकीय इण्टर कालेज, रूदपुर–सितारगंज | सितारगंज |
| 12 | राजकीय इण्टर कालेज, विज्टी | सितारगंज |
| 13 | राजकीय इण्टर कालेज, गदरपुर | गदरपुर |
| 14 | राजकीय इण्टर कालेज, दिनेशपुर | गदरपुर |

उक्तानुसार अटल उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में चयनित विद्यालयों को सी.बी.एस.ई. से मान्यता दिये जाने हेतु अग्रेत्तर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है । तदक्रम में सी.बी.एस.ई. से प्राप्त मानक आपको इस आशय से प्रेषित किये जा रहे हैं कि उक्त मानकों के अनुरूप विद्यालयों को आरंभिक कार्यवाही एवं सूचना तैयार रखने हेतु अपने स्तर से निर्देशित करना सुनिश्चित करें ।

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, उत्तराखण्ड, देहरादून के प्रत्र संख्या / नियोजन / 24168 / अटल उत्कृष्ट / 2020–21 दिनांक 21 जनवरी, 2021 द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार उक्त के सम्बन्ध में दिनांक **23 जनवरी, 2021 को प्रातः 11.00 बजे से निदेशक महोदय की अध्यक्षता में वर्चअल बैठक** आहूत की गयी है । जिसमें अधोहस्ताक्षरी के साथ अटल उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में चयनित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों तथा जनपद स्तर पर नामित नोडल अधिकारी द्वारा अनिवार्य रूप से प्रतिभाग किया जायेगा । बैठक हेतु श्री मुकेश बहुगुणा, एम0आई0एस0 अनुभाग, निदेशालय (9412029617) द्वारा लिंक यथासमय उपलब्ध कराया जायेगा ।

अतः तदक्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि आप उक्तानुसार सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाचार्यों को तत्काल (आज ही) सूचित करते हुए अनिवार्य रूप से बैठक में प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक : यथोपरि ।

(समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी भी उक्तानुसार बैठक में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें)

भवदीय
21/1/2021
(आर.सी. आर्य)
मुख्य शिक्षा अधिकारी,
ऊधमसिंहनगर

पत्रांक / नियोजन / / अटल उत्कृष्ट विद्या0–05(11) / 2020–21 तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि : निम्नांकित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, उत्तराखण्ड, देहरादून ।
2. श्री मातादीन गौतम, खण्ड शिक्षा अधिकारी, रूद्रपुर को इस आशय के साथ कि जनपद स्तर पर नामित नोडल अधिकारी के रूप में अनिवार्य रूप से बैठक में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें ।
3. अटल उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में चयनित समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को खण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से प्रेषित ।

मुख्य शिक्षा अधिकारी,
ऊधमसिंहनगर ।